BED-112

June - Examination 2019

Bachelor of Education-Ist Year Examination

Pedagogy of Sanskrit

संस्कृत शिक्षण

Paper - BED-112

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 70**

निर्देश : इस प्रश्न–पत्र के तीन खण्ड हैं – 'अ', 'ब' और 'स'। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

(खण्ड – अ) **$7 \times 2 = 14$**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिये। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) शब्द क्या है?

(ii) संज्ञात्मक मानचित्र का संप्रत्यय सर्वप्रथम किसने प्रस्तावित किया था?

(iii) वेदांग कितने है?

(iv) संस्कृत ध्वनियो की तालव्य ध्वनियाँ बताइये?

(v) पुरुषार्थ चतुष्ट्य कौन कौन से हैं?

(vi) अनुवाद विधि के दो दोष लिखें?

(vii) 'लर्निंग टू बी' नामक प्रतिवेदन किस संस्था द्वारा तैयार कराया गया था?

(खण्ड – ब) $4 \times 7 = 28$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये. आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिये। प्रत्येक प्रश्न 7 अंकों का है।

2) शुद्ध उच्चारण से क्या अभिप्राय है? उच्चारण के प्रमुख दोषों की सोदाहरण व्याख्या करें।

3) समस्या समाधान पद्धति क्या है? स्पष्ट करें।

4) विद्यालयी पाठ्यक्रम में संस्कृत के स्थान को स्पष्ट करते हुए विभिन्न विषयों के साथ संस्कृत के संबंधों की व्याख्या करें।

5) संस्कृत शिक्षण में नवाचार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

6) निदानात्मक परीक्षण क्या है? ऐसी दो परिस्थितियों का उद्धृत करें जिनके संदर्भ में निदानात्मक परीक्षण की आवश्यकता हो।

7) कालिदास के प्रमुख नाटकों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें।

8) संस्कृत में श्रुति काव्य और दृश्य काव्य को किस प्रकार भिन्न–भिन्न किया जा सकता है?

9) आपके अनुसार संस्कृत संग्रहालय में कौन–कौन से प्रमुख अनुभाग होने चाहिए। अपने विद्यालय हेतु संस्कृत संग्रहालय के विकास का प्रतिमान प्रस्तुत करें।

(खण्ड – स) **2 × 14 = 28**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिये। प्रत्येक प्रश्न 14 अंको का है।

10) ध्वनियों के स्वरकृत, कालकृत, स्थानकृत, आभ्यन्तर प्रयत्नकृत तथा बाह्य प्रयत्न की दृष्टि से प्रमुख भेदों की व्याख्या करें।

11) इकाई पाठ योजना के विभिन्न घटकों का विस्तार से वर्णन करें। क्या आप इकाई पाठ योजना को संस्कृत भाषा शिक्षण के लिए महत्त्वपूर्ण मानते हैं? अपने पक्ष में तर्क प्रस्तुत करें।

12) कक्षा 9 के संस्कृत पाठ्यक्रम से संबंधित किसी पद्य पर एक इकाई पाठ योजना को प्रस्तुत करें।

13) प्रयोजना विधि क्या है? प्रायोजना के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करते हुए संस्कृत के किसी प्रकरण पर प्रायोजना आधारित पाठयोजना बनाएँ।